वर्ष 2036 के ओलंपिक की मेज़बानी के लिये भारत का आशय पत्र

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स]

भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) द्वारा **वर्ष 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों** की मेज़बानी करने की देश की इच्छा व्यक्त करने से संबंधित आशय पत्र **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)** को सौंपा गया है।

- भारत का आशय पत्र **IOC की स्थिरता नीति के अनुरूप है,** जो लागत कम करने और **कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये मौजूदा बुनियादी ढाँचे के उपयोग तथा नए निर्माण को प्रोत्साहित करता है।**
- केवल **तीन एशियाई देशों ने** ही अब तक ओलंपिक की मेजबानी की है - **चीन, दक्षिण कोरिया और जापान, जबकि जापान ने वर्ष 1964 और 2020** में दो बार खेलों की मेज़बानी की है।
- **IOA सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप में पंजीकृत है। इसे युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है।
  - यह भारत में **ओलंपिक आंदोलन और राष्ट्रमंडल खेलों को नियंत्रित करता है; ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और** संबंधित बहु-खेल आयोजनों में एथलीटों की भागीदारी की देखरेख करता है।
- IOC **स्विट्ज़रलैंड के लुसाने में स्थित एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है,** जो वर्ष 1894 में अस्तित्व में आया।
  - IOC का उद्देश्य **ओलंपिक खेलों का नियमित आयोजन सुनिश्चित करना तथा ओलंपिक को बढ़ावा देना है।**

//

ओलंपिक

प्राचीन इतिहास

- उत्पत्ति - ओलंपिया, ग्रीस (776 ईसा पूर्व)
- ग्रीक संस्कृति से संबंधित
- प्रतियोगिता - दौड़, कुश्ती और रथ दौड़
- समापन - 393 ई. में सम्राट थियोडोसियस प्रथम द्वारा

आधुनिक इतिहास

- पुनर्जीवित - 19वीं सदी के अंत में पियरे डी कुबर्टिन (IOC के संस्थापक सदस्य) द्वारा
- पहला आधुनिक ओलंपिक - एथेंस, ग्रीस (वर्ष 1896)

आगामी प्रतियोगिताएँ

- **शीतकालीन ओलंपिक 2026:** मिलान और कॉर्टिना डी'एम्पेज़ो, इटली
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028:** लॉस एंजेलिस, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2032:** ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया
- भारत वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करेगा

लोगो और मोटो/आदर्श वाक्य

- **लोगो:** श्वेत पृष्ठभूमि पर नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंग के 5 इंटरलॉकिंग रिंग **(5 महाद्वीपों के सम्मिलन और विश्व एथलीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं)**
- **आदर्श वाक्य:** सिटिअस, अल्टिअस और फोर्टिअस - कम्यूनिटर (अधिक तेज, उच्चतर, अधिक मज़बूत - एकजुट या साथ-साथ) ('कम्यूनिटर' को वर्ष 2021 में जोड़ा गया था)

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)

- स्थापना - वर्ष 1894
- ओलंपिक खेलों का संरक्षक
- मुख्यालय - लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड

टोक्यो में होने वाली वर्ष 2020 की ओलंपिक प्रतियोगिता में 5 नए खेल शामिल किये गए: सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, कराटे और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल

पेरिस ओलंपिक 2024

पदक तालिका में भारत 71वें स्थान पर; टोक्यो वर्ष 2020 में 48वें स्थान पर पहुँचा)

भारतीय खिलाड़ी/टीम	पदक	प्रतियोगिता
नीरज चोपड़ा	रज़त	पुरुष भाला फेंक
मनु भाकर और सरबजोत सिंह	कांस्य	10 मीटर एयर पिस्तौल मिश्रित टीम स्पर्द्धा
स्वप्निल कुसाले	कांस्य	पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन
भारतीय हॉकी टीम	कांस्य	पुरुष हॉकी
मनु भाकर	कांस्य	महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्द्धा
अमन सहरावत	कांस्य	पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती स्पर्द्धा

भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)

- स्थापना - **वर्ष 1927**
- ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करता है

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

और पढ़ें: पेरसि ओलंपकि 2024 में भारत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-bids-to-host-the-2036-olympics